# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

## मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न पत्र (सत्र: 2025-26)

**कक्षा: IV** **विषय: पर्यावरण अध्ययन**

**अवधि: 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 50**

---

**सामान्य निर्देश:**

1. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
2. **इस प्रश्न पत्र में तीन खंड हैं, खंड-अ, खंड-ब और खंड-स**
3. **प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं।**

---

### <u>खंड-अ</u>

**1. ओमाना की यात्रा के बारे में गद्यांश पढ़िए-** **2 × 5 = 10**

> ओमना छुट्टियों में अपने परिवार के साथ केरल जा रही थी। उसके पिता ने घर से गुजरात रेलवे स्टेशन जाने के लिए एक टैक्सी किराए पर ली थी। ओमना बहुत खुश थी, आखिरकार वह दो साल बाद अपनी दादी से मिलने जा रही थी।

**अब निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तरों पर गोला लगाइए-**

i. **टैक्सी किस प्रकार का परिवहन साधन है?**

a. रेल परिवहन b. स्थल परिवहन c. जल परिवहन d. वायु परिवहन

ii. **रेलगाड़ी किस पर चलती है?**

a. पटरी b. वायु c. जल d. रेत

iii. **गुजराती भाषा किस राज्य में बोली जाती है?**

a. महाराष्ट्र b. गोवा c. गुजरात d. राजस्थान

iv. **रेलगाड़ी से यात्रा करने वाले यात्रियों के टिकट कौन जाँचता है?**

a. पुलिस b. गार्ड c. टिकट परीक्षक d. ड्राइवर

v. **केरल में कौन सी भाषा बोली जाती है?**

a. राजस्थानी b. कोंकणी c. मलयालम d. मराठी

**2. इन प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए-** **1 × 5 = 5**

**i. आप स्कूल जाने के लिए किस परिवहन साधन का उपयोग करते हैं?**

______________________________

**इन जगहों के बच्चे स्कूल जाने के लिए किस परिवहन साधन का उपयोग करते हैं?**

**ii. जहाँ ज़मीन ऊबड़-खाबड़ है और स्कूल के रास्ते में घुटनों तक बारिश का पानी जमा हो जाता है।**

______________________________

**iii. स्कूल के रास्ते में चौड़ी और गहरी नदी जहाँ बहती है।**

______________________________

**iv. जहाँ स्कूल रेगिस्तान में है और स्कूल के रास्ते में चारों तरफ रेत है।**

______________________________

**v. जहाँ स्कूल के रास्ते में घना जंगल है।**

______________________________

## खंड-ब

**3. रिक्त स्थान भरिए-** **1 × 5 = 5**

i. __________ बच्चों को जन्म देते हैं। (**कौवे/हाथी**)

ii. हाथियों के कान __________ जैसे दिखते हैं। (**पंखे/सुई**)

iii. हाथी __________ में रहते हैं। (**अकेले/झुंड में**)

iv. एक वयस्क हाथी एक दिन में __________ किलोग्राम से ज़्यादा पत्ते और टहनियाँ खा सकता है। (**100/500**)

v. हाथियों को ____________ से खेलना पसंद है। (**खिलौनों और किताबों/मिट्टी और पानी**)

**4. सत्य या असत्य** **1 × 5 = 5**

i. खेजड़ी गाँव भारत के बिहार राज्य में है। (    )

ii. खेजड़ी का पेड़ मुख्यतः रेगिस्तानी इलाकों में पाया जाता है। (    )

iii. मधुमक्खियाँ अक्टूबर से दिसंबर तक अंडे देती हैं। (    )

iv. मधुमक्खियाँ अकेले रहना पसंद करती हैं। (    )

v. प्रत्येक मधुमक्खी के छत्ते में एक रानी मधुमक्खी होती है जो अंडे देती है। (    )

5. **वर्ग पहेली में घर बनाने में उपयोग होने वाली कोई पाँच चीजें ढूंढकर उनके चारों ओर घेरा बनाइए।** **5**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ल | क | ड़ी | सी |
| फ़े | ग | सा | में |
| नू | टा | ईं | ट |
| क | ई | ल | ते |
| रा | ल | लो | हा |

**(केवल दृष्टि बाधित व्यक्तियों के लिए )**

**घर बनाने में उपयोग होने वाली किन्हीं पाँच चीजों के नाम लिखिए।**

i. ________________ iv. ____________________

ii. _________________ v. ____________________

**iii.** _________________

## खंड-स

**6. 'हू तू तू, हू तू तू' अध्याय की तीनों बहनों को कबड्डी खेलते समय किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?** **4**

**अथवा**

**किसी एक खेल के नियम लिखिए जो आप स्कूल में या अपने दोस्तों के साथ खेलते हैं।**

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

**7. फसल के लिए खेत तैयार करते समय मिट्टी को खोदना, उसे ढीला करना और उसे मुलायम बनाना क्यों आवश्यक है? 4**

**अथवा**

**नियमित दूरी पर सही संख्या में बीज डालना क्यों आवश्यक है?**

**8. नदी में बाढ़ आने पर क्या होता है? 6**

**अथवा**

**क्या तेल पानी में घुल जाता है? आप कैसे बता सकते हैं कि यह पानी में घुलता है या नहीं?**

**9. फूल और कली में क्या अंतर है? 6**

**नीचे दिए गए स्थान में एक फूल और उसकी कली का चित्र बनाओ?**

**अथवा**

**लोग फूल विक्रेताओं से फूल खरीदकर किन कामों में उनका उपयोग करते हैं?**